# 3. गिल्लू

1. गिल्लू पाठ साहित्यिक विधा में क्या है ?
   रेखाचित्र
2. गिल्लू पाठ की लेखिका कौन है ?
   महादेवी वर्मा
3. 'आधुनिक मीरा' किसे कहा जाता है ?
   महादेवी वर्मा
4. महादेवी वर्मा जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
   24 मार्च 1907 को फरुखाबाद में
5. महादेवी वर्मा जी को किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?
   'यामा'
6. किसके कारण पशु-पक्षी की जातियाँ लुप्त होती जा रही हैं ?
   मानव के स्वार्थ के कारण
7. गिल्लू पाठ से क्या सीख मिलती है ?
   स्ने हभाव तथा प्राणी-दया की सीख मिलती है।
8. दो कौए चोचों से छुआ-छुऔवल खेल कहाँ खेल रहे थे ?
   बरामदे में गमले के चारों ओर
9. काकभुशुण्डि किसे कहते हैं ?
   कौए को
10. काकभुशुण्डि भी विचित्र पक्षी हैं, क्यों ?
    क्योंकि वह एक साथ समादरित, अनादरित, अति सम्मानित, अति अवमानित है।
11. हमारे पुरखे किसके रूप में आ सकते हैं ?
    गरुड़ के रूप
12. पुरखों को पितरपक्ष में कुछ पाने के लिए क्या बनकर अवतीर्ण होना पड़ता है ?

काक

13. कौआ कैसे शब्द करता है ?

काँव-काँव

14. गिलहरी(गिल्लू) कैसे शब्द करता है ?

चिक-चिक

15. गिलहरी का बच्चा कहाँ पड़ा था ?
गमले और दीवार के बीच पड़ा था ।

16. गिलहरी का बच्चा कहाँ से पड़ा था ?
घोंसले से गिर पड़ा था ।

17. गिलहरी के बच्चे को किसने घाव किया था ?
काकद्विय की चोचों ने

18. महादेवी वर्मा जी को गिलहरी का बच्चा (गिल्लू) किस स्थिति में दिखाई पड़ा ?

घायल होकर निश्चेष्ट-सा गमले से चिपका पड़ा था ।

19. वर्मा जी घायल गिलहरी के बच्चे को कहाँ ले आयी ?
अपने कमरे में लायी

20. वर्माजी ने घायल गिलहरी के बच्चे का रक्त किससे पोंछा ?

रुई (cotton) से

21. वर्माजी ने गिल्लू के घावों पर कौन-सा मरहम लगाया ?
पेन्सिलिन का मरहम

22. वर्मा जी गिलहरी के बच्चे को किस नाम से बुलाती थीं ?
गिल्लू

23. गिल्लू सबको कैसे विस्मित करने लगा ?

गिल्लू अपनी स्निग्ध रोयें, झब्बेदार पूँछ और चंचल-चमकीली आँखों से सबको विस्मित करने लगा ।

24. वर्माजी गिल्लू को कहाँ रखा था ? or गिल्लू घर कैसा था ?
फूल की एक डालिया में रुई बिछाकर उसे तार से खिड़की पर लटका रखा था ।

25. लेखिका गिल्लू को पकड़कर कहाँ रख देती है ? or गिलहरी का लघु गात किसके भीतर बंद रहता था ?
एक लंबे लिफाफे में

26. गिल्लू अपनी चमकीले आँखों से क्या देखा करता था ?

लेखिका के कार्य-कलाप को

27. गिल्लू का प्रिय खाद्यो क्या था ?

काजू

28. प्रिय खाद्या काजू न मिलने से गिल्लू क्या करता था ?
अन्य खाने की चीजें या तो लेना बंद कर देता था या झूले से नीचे फेंक देता था ।

29. गिल्लू को घर में किससे बचाना था ?

घर में पले कुत्ते-बिल्लियों से

30. दिन भर गिल्लू किस झुण्ड का नेता बना रहता था ?

गिलहरियों के झुण्ड का नेता

31. गिल्लू लेखिका को चौंकाने के लिए कहाँ छिप जाता था ?

कभी फूलदान के फूलों में, कभी परदे के चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था।

32. लेखिका के थाली के पास बैठकर गिल्लू क्या खाता था ?

थाली में से एक-एक चावल उठाकर बड़ी सफाई से खाता था।

33. लेखिका को किस कारण अस्पताल में रहना पड़ा ?

मोटार-दुर्घटना में आहत होकर

34. लेखिका के अस्वस्थता में गिल्लू क्या करता था ?

गिल्लू तकिये पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हें-नन्हें पंजों से लेखिका के सिर और बालों को हौले-हौले सहलाता रहता था।

35. गिल्लू गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?

सुराही पर

36. गिलहरियों के जीवन की अवधि सामान्यतया कितनी होती है ?

दो (2) वर्ष

37. गिल्लू कब चिर निद्रा में सो गया ?

प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही गिल्लू चिर निद्रा में सो गया।

38. गिल्लू की समाधि कहाँ बनायी गयी है ?

सोनजुही की लता के नीचे

39. गिल्लू की समाधि सोनजुही की लता के नीचे बनायी गयी है , क्यों ?

क्योंकि गिल्लू को सोनजुही की लता सबसे प्रिय थी।